अयोध्या से आई सामग्री का पूजन, निकाली शोभायात्रा

घर-घर जा कर दिया जाएगा निमंत्रण

बस्सी (प्रातःकाल संवाददाता)। अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होंगे। इसे लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जाएगा। गुरूवार को अयोध्या से पीले चावल, श्रीराम का चित्र, पत्रक और अन्य सामग्री बस्सी आई। इनको लेकर शोभायात्रा और पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। पूजन के बाद शोभायात्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर से रवाना हुई, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई एक वाटिका पहुंची।

युवा हाथों में भगवा ध्वज लिए जय सियाराम के नारे लगाते हुए चल रहे थे और डीजे की धुन पर भगवान राम के भजनों पर झूम रहे थे। रास्ते में ग्रामीणों ने जगह-जगह पर जयघोष और तालियों के साथ स्वागत किया। इस दौरान रामभक्त किशन जागेटिया, मोनु व्यास, सीपी नामधरानी, कैलाश नारायणीवाल, नारायण धाकड़, सुनिल माली, मनमोहन पाराशर, यशंवत पुरोहित, जगदीश शिशोदिया, प्रकाश सोनी, जगदीश भांड, शीतल नामधरानी, मुकेश जागेटिया, दीपक सोनी, तुलसीराम वैष्णव, संजु मुन्दड़ा सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी मौजूद रहे। वहीं निमंत्रण के साथ ही संकल्प दिलाया जाएगा कि अयोध्या में रामलला के विराजते ही दीपावली घर-घर में मनाई जाए। इस बार रामलला 500 वर्ष बाद अपने घर लौट रहे हैं। प्रत्येक घर में रामचरित मानस हो, सुंदरकांड हो, हनुमान चालीसा पाठ हो। धर्म की गंगा प्रवाहित हो जाए।

बड़ीसादड़ी। वर्षों के इंतजार के बाद राम नगरी श्री अयोध्या में निर्मित भव्य श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 22 जनवरी को होने जा रहा है। इसी क्रम में निमंत्रण हेतु श्री धाम अयोध्याजी से आये अक्षत कलश बड़ीसादड़ी पहुंचे । नगर के जरखाना मोड़ से वाहन रैली के रूप में नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री गोपाल आश्रम पहुंचे, जहां जय श्री राम के जयकारों के बीच अगवानी की गई। मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजन किया गया, जहां पर नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अभियान के यशपाल वैष्णव ने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ निम्बाहेड़ा के जिला कार्यवाह लाभचंद धाकड़, सह जिला कार्यवाह घनश्यामलाल जणवा, बड़ीसादड़ी खण्ड संघचालक चौथमल जणवा, ओमप्रकाश मेनारिया, गणपत गायरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

नल की पाइपलाइन फूटने से सड़क पर व्यर्थ बह रहा पानी

भटेवर (प्रातःकाल संवाददाता)। वल्लभनगर उपखंड क्षेत्र की टूस डांगीयान पंचायत में गुपड़ा जाने वाली सड़क पर भेरूजी बावजी के मंदिर के पास नल की पाइपलाइन फूटने से सड़क पर पानी व्यर्थ बह रहा है। ग्रामीणों ने बताया की मुख्य सड़क पर पिछले कई महीनो से नल की पाइपलाइन फूटने के कारण पानी सड़क पर व्यर्थ बह रहा है।

इसके साथ ही सड़क पर पानी जमा होने के कारण मुख्य रोड भी पूरी तरह से टूट गई है। वही पानी जमा होने के बाद सड़क पर कीचड़ फैलने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा विभाग के कर्मचारियों को पाइपलाइन दुरुस्त करवाने के बारे में अवगत कराया। लेकिन अभी तक पाइपलाइन को दुरुस्त नहीं किया गया।

सार-समाचार

प्रजापति समाज बारां चौखला की बैठक 17 को

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। प्रजापति समाज बारां चोखला की बैठक 17 दिसम्बर रविवार को प्रातः 10 बजे समाज के सामुदायिक भवन पर रखी गई है। ज्ञात रहे कि यह एक महत्वपूर्ण बैठक है जिसमें बहुत महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं जिसमें प्रत्येक घर से एक सदस्य का उपस्थित होना आवश्यक है। बैठक में वर्ष 2022 व 2023 की बकाया सहयोग राशि गांव के मनोनीत प्रतिनिधि अतिशीघ्र एकत्रित कर लें। बैठक का एजेंडा उसी दिन बताया जाएगा। वागड़ मेवाड़ प्रतिभा सम्मान के लिये योग्य लाभार्थी अपनी अंकतालिका व प्रमाण पत्र भेज सकते हैं।

लाभान्वितों का होगा चिह्निकरण

लसाड़िया (प्रातःकाल संवाददाता)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को देने के लाभान्वितों को चिह्निकरण किया जायेगा। इसके लिए जिला कलक्टर प्रताप सिंह सलूंबर ने तहसीलदार रामप्रसाद खटीक, विकास अधिकारी महेश चन्द्र अहारी और ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी फुलचंद मीणा को डे नोडल अधिकारी बनाते हुए यात्रा सफल बनाने के निर्देश दिये। इस संबंध में उपखण्ड अधिकारी लसाड़िया द्वारा गुरुवार 14 दिसम्बर को समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों की आवश्यक बैठक पंचायत समिति सभागार में ली इसके संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पंचायत समिति लसाडिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ शनिवार से ग्राम पंचायत डावडी से होगा।

वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवानों का किया स्वागत

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले के उभरते पहलवानों का वर्ल्ड चैम्पियनशिप में भाग लेने से पूर्व स्वागत किया गया। जिला स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग संघ के सचिव हरिश चरनाल ने बताया कि जिले के स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एंव पावर लिफ्टिंग खेल के इतिहास में पहली बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने वाले पहलवानों का स्वागत किया गया। जिन्होने राजसमंद, राजस्थान का मान बढाते हुए पहली बार अन्तरराष्ट्रीय स्तर के खेल पटल पर मेवाड एवं राजसमंद का गौरव बढाते हुए भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

जिनका हौंसला अफजाई करने के दृष्टिकोण से स्वागत समारोह की अध्यक्षता स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र टांक ने की मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष पावर लिफ्टिंग संघ के भगवतसिंह गुर्जर, विषिष्ठ अतिथि संरक्षक जिला बॉडी बिल्डिंग संघ के बी.आर वैष्णव थे। प्रतियोगिता के कॉर्डिनेटर धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि 10वीं वर्ल्ड स्ट्रेन्थ लिफ्टिंग एवं इन्कलाईन ब्रेन्च प्रेस चैंपियनशिप 2023 जो 18 दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक तेलंगाना हैदराबाद में आयोजित होगी।

संतों के सान्निध्य में अक्षत वितरण कार्यक्रम का आयोजन

नाथद्वारा (प्रातःकाल संवाददाता)। नगर के संतो के सानिध्य में अयोध्या से आये अक्षत वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। रामलला समिति के संयोजक गोपाल जोशी ने बताया कि इमली बाजार में तीन तबारी आश्रम पर भंडारे का कार्यक्रम हुआ जिसमें संतो के सानिध्य में अयोध्या में राम जी के गर्भ गृह प्रवेश में विराजमान होंगे उसी दिन समस्त मठ व मंदिर के साथ आश्रमों पर गांव-गांव ढाणी ढाणी अयोध्या से अक्षत वितरण का कार्यक्रम कर सभी से आग्रह किया जाएगा की 22 जनवरी को अपने घरों पर रामराज्य की स्थापना व रंगोली बनाकर अच्छे व्यंजन बनाकर सामूहिक परिवार के साथ किसी मंदिर में जाकर या अपने घर पर ही दीपोत्सव का कार्यक्रम विशाल महोत्सव को मनाएं। हर घर मंदिर में राम राज्य दिखावे। इस अवसर पर थानापति देवल चौराहा आश्रम के संत दयालगिरी ने कहा 500 मठ मंदिर पर कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाना प्रस्तावित है।

उस दौरान संत मंडल के कोतवाल गोपाल गिरी, अध्यक्ष नारायण गिरी, मंडल अध्यक्ष प्रकाश भारती, मंत्री हरिनाथ देवला,आश्रम सरसुनिया सीतामढ़ी के 108 सिद्धेश्वर भारती महाराज सहित अन्य ने सभी से आह्वान किया सभी जन एक दूसरे के साथ लगकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा।

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर
पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, जयपुर

क्रमांक :- ज.स.अ./2023/335 दिनांक :- 14/12/2023

ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 50 - 56/2023-24

नगर निगम ग्रेटर जयपुर हेतु विभिन्न कार्यों के सम्पादन के लिए पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in** and **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No. JMC2324GLOB01237 To JMC2324SLOB01253 पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त (गैराज)
नगर निगम, ग्रेटर, जयपुर

राज.संवाद/सी/23/11617

हाईवे पर बाईक को बचाने के प्रयास में ट्रक पलटा

बाइक चालक की मौत, दो घायल

देवगढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग आठ पर गुरुवार को गलत साइड में सामने आई बाइक को बचाने के प्रयास में उदयपुर की तरफ से आ रहा ट्रक पलट गया जिसकी चपेट में आने से बाईक चालक की मौत हो गई एवं उसकी पांच वर्षीय पुत्री एवं एक पैदल चल रहा व्यक्ति गंभीर घायल हो गये। साथ ही वही पर खड़ी दो एवं एक मृतक की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

देवगढ़ पुलिस के अनुसार रणजीत सिह उम्र 42 वर्ष पिता उदय सिह रावत निवासी किटो का बाड़िया अपनी पांच वर्षीय बच्ची ललिता को बाईक पर लेकर घर से कामलीघाट की तरफ जा रहा था जैसे ही किटो का बाड़िया की ओर से हाइवे की सड़क पर रोंग साइड में चढ़ा तभी सामने से ब्रिज से एक ट्रक आ रहा था जिसने बाइक को बचाने की कोशिश की, बावजूद बाईक उसकी चपेट में आ गई और ट्रक पलट गया। हादसे में बाईक चालक की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी बच्ची गंभीर घायल हो गई। हादसे में निकट से गुजर रहे भगवान सिंह पिता राम सिह निवासी बरजाल भी गंभीर घायल हो गया। साथ ही सड़क किनारे एक चाय की थड़ी के बाहर खड़ी दो बाईकें भी ट्रक के नीचे दब कर क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर देवगढ़ थानाधिकारी कमलेन्द्र सिह मय जाप्ता मोके पर पहुँचे। पुलिस ने ग्रामीणों ओर राहगीरों की सहायता से मृतक एवं घायलों को एम्बुलेंस से देवगढ़ सीएचसी भेजा जहां दोनो गंभीर घायलों का प्राथमिक उपचार कर उदयपुर रेफर कर दिया गया एवं मृतक के शव को मोर्चरी मे रखवाया।

पेंशनधारियों को 31 तक कराना होगा सत्यापन

अटक सकती है, 1 लाख 44 हजार 496 की लोगों की पेंशन

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। जिले में 2 लाख 14 हजार 669 पेंशनधारियों में से 70 हजार 173 पेंशनधारियों ने अब तक वार्षिक सत्यापन करवाया है। जबकि 1 लाख 44 हजार 496 पेंशनधारियों ने सत्यापन नहीं करवाया है। जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत हजारों लोगो की पेंशन पर तलवार लटक सकती है। डूंगरपुर जिले में 2 लाख 14 हजार 669 पेंशनधारियों में से 70 हजार 173 पेंशनधारियों ने अब तक वार्षिक सत्यापन करवाया है। जबकि 1 लाख 44 हजार 496 पेंशनधारियों ने सत्यापन नहीं करवाया है। 31 दिसंबर तक अगर वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया गया तो इन सभी पेंशनधारियों की पेंशन अटक सकती है।

सरकार की ओर से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम सामाजिक सुरक्षा योजना में विभिन्न पेंशन दी जाती है, लेकिन पेंशन के लिए हर साल उस व्यक्ति को अपना वार्षिक सत्यापन करवाना अनिवार्य है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग डूंगरपुर के उप निदेशक अशोक शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर जिले में 2 लाख 14 हजार 669 पेंशर है। इसमे से 70 हजार 173 पेंशनरो ने अपना वार्षिक सत्यापन करवा लिया है, लेकिन 1 लाख 44 हजार 496 पेंशनधारी ऐसे है, जिन्होने अब तक अपना वार्षिक सत्यापन नहीं करवाया है। सत्यापन करवाने की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर 23 है।

ICICI Home Finance

कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत

शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशोम्बी, गाजियाबाद- 201010

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका प्रतीकात्मक कब्ज़ा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	लोकेश (उधारकर्ता) सुनीता रानी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHGAN00001341005 एवं LHGAN00001341006	प्लॉट नंबर बी- 67, गांव फतेहगढ़ (30 एसएसडब्ल्यू) जिला हनुमानगढ़ राजस्थान में स्थित है	रु. 15,44,917/- 07 दिसंबर 2023	रु. 14,90,625/- / रु. 1,49,070/-	21 दिसंबर, 2023 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक	03 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल थकबाकी रकम का **02 जनवरी 2024** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सदर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सदर बयाना राशी जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **02 जनवरी 2024आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे कौशोम्बी, गाजियाबाद- 201010** तहत **दि. 02 जनवरी 2024** को **शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार ऊपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **02 जनवरी 2024आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, पहली मंजिल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे कौशोम्बी, गाजियाबाद- 201010** तहत **दि. 02 जनवरी 2024** को **शाम. 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **हनुमानगढ़** तहत पेश करें। जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्ते एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क्र. 022-69974300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 16 दिसंबर 2023
स्थान : हनुमानगढ़

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड

सौम्या रांका ने क्लेट परीक्षा में पूरे देश में किया 144 वां स्थान हासिल

नाथद्वारा (प्रातःकाल संवाददाता)। देश की कानून क्षेत्र की सर्वोच्च परीक्षा क्लेट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) में जिले की स्मार्ट स्टडी शिक्षण संस्थान की छात्रा सौम्या रांका ने सम्पूर्ण देश में 144 वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। संस्था के प्रधानाचार्य राजीव सक्सेना ने बताया कि सौम्या ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में पाई है साथ ही उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यालय शिक्षकों के निष्णात अध्यापन और पूर्ण परिश्रम को समर्पित किया।

इस सफलता के फलस्वरूप सौम्या रांका का चयन देश की लॉ क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ कॉलेज बैंगलोर के एनएलइसआईयू में हुआ है जो कि सम्पूर्ण जिले के लिए गौरव की बात है।संस्था के निदेशक मनोहर भाटिया, निर्मल जैन और तिलकेश भाटिया ने सौम्या की इस उपलब्धि पर हर्ष जताया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। सैनिक स्कूल में चल रही तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता गुरुवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के पूर्व छात्र एवं वर्तमान मे चित्तौड़गढ़ के पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत एवं विशिष्ट अतिथि स्कूल प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। स्कूल की उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया।

जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक ही नहीं बल्कि सर्वांगीण विकास संभव होता है। शरीर के विभिन्न अंगों के उचित संचालन में खेल बहुत मददगार साबित होते हैं, वहीं व्यक्तित्व विकास में भी खेलकूद का अहम् योगदान होता है। खेलों से अनुशासन की भावना का विकास होता है तथा चरित्र के निर्माण व नेतृत्व के गुणों के विकास के साथ सद्भावना और ईमानदारी के गुणों का विकास भी खेलों के माध्यम से होता है। इसके अलावा खेलकूद से विद्यार्थियों का स्वास्थ्य व मस्तिष्क सुदृढ़ होता है। प्रतियोगिता में बेस्ट प्लेयर ग्रुप 'ए' सीनियर वर्ग में जयमल हाउस का अनुराग थालोर, ग्रुप 'बी' जूनियर वर्ग में लव हाउस के करण, ग्रुप 'सी' सब जूनियर वर्ग में अशोका द्वितीय हाउस के प्रिंस एवं ग्रुप 'डी' गर्ल्स में अनोखी मोची रही। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में 222 अंको के साथ लवहाउस प्रथम, 208.5 अंको के साथ कुंभा हाउस द्वितीय एवं 182.5 अंको के साथ जयमल हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सब जूनियर वर्ग में अशोका द्वितीय हाउस प्रथम एवं अशोका प्रथम हाउस दूसरे स्थान पर रहा। छात्रों ने पीटी एवं जिमनास्टिक का प्रदर्शन भी किया। इस प्रतियोगिता में पीटीआई का कार्य सीएचएम कन्नन ने किया।

ट्रांसमिशन लाइसेंस के लिए आवेदन की सूचना

संगोद ट्रांसमिशन सर्विस लि. की ओर से एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि इसने निम्नांकित क्षेत्र में विद्युत के पारेषण (ट्रांसमिशन) / विद्युत के वितरण हेतु अनुज्ञा प्रदान करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 के अनुच्छेद 15 के प्रावधानों के अंतर्गत राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक भवन, सहकार मार्ग, स्टेट मोटर गैरेज के पास, जयपुर को अपना आवेदन दिया है.

- **क्षेत्र का विवरण : जिला** – कोटा, **तहसील** – संगोद, **गाँम** – हरिपुरा, टालची, बोरडा, दिगोड, कमोलर, डोबरी, डोबरा, भुलाहेरा, भुलाहेरी, बारूखेड़ी, जोगरा, जोगरी, नागराखेड़ी, किशनपुरा, साहिरपुरा, नयापुरा, खारिया, गेहूँखेड़ी, गाडरवाड़ा, हिंगी, मोई खुर्द, छतरपुरा, बेसर, जोलपा.

आवेदक द्वारा आपूर्ति के उपरोक्त क्षेत्रों में निम्नांकित ट्रांसमिशन लाइन(नों) हेतु अनुज्ञा के लिए आवेदन किया गया है.

क्रमांक		संगोद में 2X 400/220 केवी, 500 एमवीए जीएसएस के निर्माण के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम, जिसके साथ 220/132केवी, 160 एमवीए ट्रांसफॉर्मर और संबद्ध ट्रांसमिशन लाइन, यानी आरएजे-पीपीपी-11 के अंतर्गत 400 केवी जीएसएस संगोद में 400 केवी डी/सी कालीसिंध (400 केवी)-एंटा (765केवी) लाइन के एक सर्किट का 7.5 कि.मी. एलआईएलओ, जिसके साथ संबद्ध बेज, पीएलसीसी सिस्टम (आवश्यकतानुसार, ट्रांसमिशन लाइनों के दोनों सिरों पर) तथा ट्रांसमिशन लाइनें एवं संबद्ध योजनाएं एवं कार्य, जिनके विवरण निम्नानुसार हैं :
1	(I)	संगोद में 2X 400/220 केवी, 500 एमवीए जीएसएस का निर्माण, जिसके साथ 220/132केवी, 160 एमवीए ट्रांसफॉर्मर और संबद्ध ट्रांसमिशन लाइन
	(II)	400 केवी जीएसएस संगोद में 400 केवी डी/सी कालीसिंध (400 केवी)-एंटा (765केवी) लाइन के एक सर्किट का 7.5 कि.मी. एलआईएलओ
	(III)	मानक जीएसएस ले-आउट के अतिरिक्त आरवीपीएन कनेक्शन के लिए फीडर बेज 220 केवी पर 4 की संख्या में तथा 132 केवी साइड पर 4 की संख्या में होंगे. (अनुलग्नक-16 में संलग्न सिंगल लाइन डाइग्राम)
	(IV)	ट्रांसमिशन लाइन के दोनों सिरों पर आरएफपी के अनुलग्नक-17 के अनुसार पीएलसीसी एवं एफओटीई उपकरण की आपूर्ति टीएसपी द्वारा होगी.

टिप्पणी : आरवीपीएन जीएसएस पर पीएलसीसी एवं एफओटीई उपकरण, जिससे ट्रांसमिशन लाइन जुड़ी है, को टीएसपी द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा तथा ये उपकरण आरवीपीएन द्वारा संस्थापित किए जाएंगे. टीएसपी ट्रांसमिशन लाइन के अन्य सिरे पर संस्थापित मेल खाते उपकरणों के साथ अपने जीएसएस पर पीएलसीसी एवं एफओटीई उपकरणों के संस्थापन के लिए जिम्मेदार होगा. संचालन एवं रखरखाव की जिम्मेदारी तथा उपकरण के प्रदर्शन की गारंटी टीएसपी की होगी.

(i) **आवेदक का कार्यालय:** संगोद ट्रांसमिशन सर्विस लिमिटेड, 31ए, महिमा ट्रिनिटी मॉल, स्वेज फार्म, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर 302019.

(ii) **आयोग का कार्यालयग:** राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग, विद्युत विनियामक भवन, सहकार मार्ग, स्टेट मोटर गैरेज के पास, जयपुर.

(iii) **विद्युतीय निरीक्षक का कार्यालय:** विद्युत निरीक्षण विभाग, एफ-55, कृष्णा मार्ग, नंदपुरी, 22 गोदाम, जयपुर.

आवेदन को इसके संलग्नकों के साथ कमीशन की वेबसाइट **www.rerc.gov.in** से और साथ ही आवेदक की वेबसाइट http://www.adanienergysolutions.com/ से भी डाउनलोड किया जा सकता है.

आवेदन की प्रतियाँ इसके संलग्नकों की प्रतियों के साथ या तो व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा आयोग के कार्यालय से रु. 100/- के नकद भुगतान पर या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा भी प्राप्त की जा सकती हैं.

इस आवेदन पर आपत्ति लेने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति को छः प्रतियों में भेज सकता है, जो कि इस सूचना के प्रकाशन के तीस दिनों के भीतर आयोग के कार्यालय में पहुँच जानी चाहिए, और वह अपनी आपत्ति की एक प्रति आवेदक को भेज सकता है. आपत्तिकर्ता को इसमें अपने नाम तथा पते का, एवं अपनी आपत्ति के आधार का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए.

यदि आयोग द्वारा आपत्तिकर्ताओं को सुनने का निर्णय लिया जाता है तो आपत्तिकर्ता को इस बात को भी स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए कि क्या वह व्यक्तिगत रूप से सुना जाना चाहेगा.

संगोद ट्रांसमिशन सर्विस लिमिटेड